

चार मैच में दो बार विनिंग फिनिश

आयुष बडोनी इस सीजन चार पारियों में दो बार नाबाद रहे हैं और दोनों बार टीम के लिए विनिंग शॉट भी लगाया है। चार पारियों में 156.92 की स्ट्राइक रेट से कुल 102 रन बनाने वाले आयुष दो बार नॉटआउट भी रहे। इस मैच से पहले उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 41 गेंद में 54 रन, चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ नौ गेंद में नाबाद 19 रन और सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध 12 गेंद में 19 रन बनाए थे।


## बडोनी बन गए धोनी, विराट कोहली की भी दिलाई याद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। डीवाई पाटिल स्टेडियम में लखनऊ सुपरजायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से धूल चटा दी। युवा आयुष बडोनी ने सिर्फ तीन गेंद की पारी में ही महफिल लूट ली। बडोनी ने अपनी महज चार मिनट की बैटिंग से ही फैंस को धोनी और विराट कोहली की याद दिला दी।

**धोनी के स्टाइल में फिनिशः** आयुष बडोनी ने बेहद दबाव में मैच विनिंग पारी खेली। आखिरी ओवर में बैटिंग करने आए बडोनी पर भारी प्रेशर था। पहली गेंद डॉट खेलने के बाद दूसरी में चौका और अगली पर छक्का उड़ाकर उन्होंने मैच खत्म कर दिया। महज 22 साल के इस जांबाज ने जिस तरह मैच फिनिश किया, लोगों को धोनी की याद आ गई।

**विराट कोहली स्टाइल सेलिब्रेशनः** लखनऊ को जीत दिलाने के बाद आयुष बडोनी ने विराट कोहली के अंदाज में जश्न मनाया। घरेलू क्रिकेट में दिल्ली से खेलने वाले 22 साल के इस लड़के ने लिस्ट ए का कोई मुकाबला नहीं खेला था। और एक मात्र टी–20 मैच में उनके बल्ले से रन निकले थे सिर्फ आठ। दिल्ली के क्रिकेट में कहा जाता है कि उनके पास हर गेंद के लिए तीन शॉट हैं।

## न्यूज डायरी



### चहल ने बताया एक खिलाड़ी ने उन्हें 15वीं मंजिल से लटका दिया था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2022 में स्पिनर युजवेंद्रा चहल राजस्थान रायल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उन्होंने अब साल 2013 में अपने साथ हुए एक भयानक घटना के बारे में खुलासा किया। चहल साल 2013 में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते थे और ये घटना भी आइपीएल के दौरान ही हुई थी। इस स्टार स्पिनर ने बताया कि किस तरह से उन्हीं की टीम का एक साथी खिलाड़ी उन्हें बालकनी पर ले गया और एक इमारत की 15वीं मंजिल से लटका दिया। युजवेंद्र चहल प्रैंक करने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन उनके द्वारा साझा की गई स्टोरी तब हैरान करने वाली थी जब उन्होंने इसके बारे में विस्तार से समझाया। राजस्थान रायल्स द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, चहल को अपने साथी साथी रविचंद्रन अश्विन के साथ इस घटना के बारे में बात करते हुए देखा गया और कहा कि उस अनुभव ने उनके जीवन को कैसे बदल दिया। ये बात साल 2013 की है जब मैं मुंबई के लिए खेल रहा था और हमारा बैंगलोर में एक मैच था।

### कांट्रैक्ट लिस्ट में शामिल न होने के बाद मैथ्यू वेड को मिला बेली का साथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जार्ज बेली का मानना है कि टी20 क्रिकेट में विकेटकीपर के तौर पर मैथ्यू वेड ही आस्ट्रेलिया टीम की पहली पसंद हैं। गुरुवार को क्रिकेट आस्ट्रेलिया द्वारा 2022–23 सेशन के लिए जारी किए गए 20 खिलाड़ियों के कांट्रैक्ट लिस्ट में वेड का नाम न आने के बाद बेली ने ये प्रतिक्रिया दी है। इस सूची में विकेटकीपर के तौर पर पहली बार जोश इंगलिस को शामिल किया गया है। इंगलिस ने अपना टी20 डेब्यू फरवरी महीने में श्रीलंका के खिलाफ किया था। वे पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए एकमात्र टी20 में भी टीम का हिस्सा थे। बेली की ये प्रतिक्रिया मैथ्यू वेड के लिए काफी मायने रखती है क्योंकि टी20 वर्ल्ड कप में अब कुछ महीने ही रह गए हैं। फिलहाल वेड इंडियन प्रीमियर लीग का हिस्सा हैं और वे गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे हैं। बेली ने कांट्रैक्ट लिस्ट के ऊपर बोलते हुए कहा थे सब ऐसे खिलाड़ी हैं जो निकट भविष्य में आस्ट्रेलिया के लिए खेलेंगे।

### गलती पर गलती... ऋषभ पंत ऐसे कैसे बन पाओगे टीम इंडिया के कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच हारने के बाद ऋषभ पंत का कहना था कि उनकी बैटिंग यूनिट पूरी तरह फ्लॉप रही और ओस ने भी गेंदबाजों का काम खराब किया। मगर सच तो यह है कि ऋषभ पंत की घटिया कप्तानी भी दिल्ली कैपिटल्स की हार की अहम वजह बनी। ऋषभ पंत में टीम इंडिया का अगला कप्तान देखा जाता है, लेकिन अगर यह विकेटकीपर बल्लेबाज ऐसी ही गलतियां करता रहा तो, शायद ही उन्हें बोर्ड कभी इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपे। ऋषभ पंत बतौर कप्तान बुरी तरह फेल रहे। वह पार्ट टाइम स्पिनर्स पर भरोसा जताते रहे, ललित यादव को पूरे चार ओवर्स फेंकवा दिए जबकि अक्षर पटेल जैसा विकेट टेकर स्पिनर अपनी बारी का इंतजार करता रह गया। अक्षर पटेल ने दो ओवर्स में सिर्फ 11 रन ही दिए। कुलदीप यादव को भी सिर्फ तभी अटैक लगाया गया, जब एनरिक नॉर्टजे नो बॉल के कारण आक्रमण से बाहर हुए।

### आवेश खान की अस्पताल में भर्ती मां को पहले हो चुका ब्रेस्ट कैंसर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। आईपीएल 2022 में युवा भारतीय तेज गेंदबाज आवेश खान लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेल रहे हैं। 25 साल के आवेश खान को लखनऊ ने 10 करोड़ में खरीदा था। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मुकाबले में मैच जिताऊ गेंदबाजी करने के बाद आवेश खान को मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया था। उन्होंने डेथ ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को दूसरी जीत दिलाई थी। आवेश खान ने अपना अवॉर्ड अपनी मां को समर्पित किया था। उन्होंने कहा था, ६मैं इस प्रदर्शन को अपनी मां को समर्पित करना चाहता हूं जो अस्पताल में भर्ती हैं।

# आगामी मैचों में लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 'बेताबी और भूख' दिखाए


**क्रिकेट**

## रोहित शर्मा झल्लाए, बंद कमरे में ली मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों की क्लास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पुणे। मुंबई इंडियंस के खराब प्रदर्शन के बाद किसी एक खिलाड़ी को दोषी ठहराने के बजाय कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार तीसरी शिकस्त के बाद टीम के साथियों से कहा कि वे आगामी मैचों में लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 'बेताबी और भूख' दिखाएं। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की सत्र की शुरुआत काफी खराब रही, उसने पहले तीन मैच दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स से गंवा दिए। रोहित ने केकेआर के खिलाफ मैच के बाद ड्रेसिंग रूम में स्पीच में कहा, 'हम यहां किसी एक खिलाड़ी को दोषी नहीं ठहरा सकते। इसमें हम सभी शामिल हैं। हम सभी एक साथ जीतते हैं और एक साथ ही हारते हैं। मुझे यह इतना ही सरल लगता है।'





उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्रत्येक में से थोड़ी सी बेताबी की जरूरत है। जब हम खेलते हैं, विशेषकर इस टूर्नामेंट में तो यह बेसब्री बहुत बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम अलग अलग होती है, तो वे हर समय अलग अलग योजना के साथ आती हैं। हमें हमेशा उनसे आगे होने की जरूरत होती है। हमें हमेशा उन पर हावी रहने की जरूरत होती है।' रोहित ने कहा, 'और हम सिर्फ एक ही तरह से ऐसा कर सकते हैं और वो है थोड़ी सी भूख और मैदान पर थोड़ी सी बेताबी–बल्ले से और गेंद से।' शर्मा ने साथ ही कहा कि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है और टीम के साथ खिलाड़ियों से कहा कि वे महत्वपूर्ण क्षणों में एक इकाई के तौर पर खेलें क्योंकि अंत में इनसे ही अंतर पैदा होता है।

**तीन मैच के बाद भी एमआई को जीत की तलाशः** धीमी शुरुआत के लिए बदनाम पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल का 15वां सीजन भी कुछ अलग नहीं है, उसने तीन मैच खेल लिए हैं और उसे अभी भी अपनी सीजन की पहली जीत का इंतजार है।

# जब इस तरह से ओस होती है तो आप शिकायत नहीं कर सकते: पंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। रिषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स को आइपीएल 2022 के 15वें लीग मैच में केएल राहुल की लखनऊ के हाथों 6 विकेट से हार मिली। ये दिल्ली की पिछले तीन मैचों में दूसरी हार थी और ये टीम 2 अंक के साथ सातवें नंबर पर है तो वहीं लखनऊ सुपर जाइंट्स ने चार में से अपने तीन मैच जीते हैं और 6 अंक के साथ ये टीम दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। दिल्ली ने इस मैच में 20 ओवर में 3 विकेट पर 149 रन बनाए थे और इसके जवाब में लखनऊ ने 19.4 ओवर में 4 विकेट पर 155 रन बनाकर मैच में जीत दर्ज कर ली। आयुष बदोनी ने छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई तो वहीं डिकाक ने 2 छक्के व 9 चौकों की मदद से 80 रन की शानदार पारी खेली। दिल्ली को मिली इस बार के बाद टीम के कप्तान रिषभ पंत ने कहा कि जब इस तरह से ओस होती है तो आप शिकायत नहीं कर सकते, लेकिन एक बल्लेबाजी यूनिट के तौर पर हमने 10–15 रन कम बनाए। अंत में आवेश खान और जेसन होल्डर ने हमें रोका और इसका क्रेडिट उन्हें जाता है। हम मैच के 40वें ओवर तक अपना पूरा सौ फीसदी देने की बात कर रहे थे चाहे कुछ भी हो जाए। पावरप्ले ठीक था, लेकिन हमें कोई विकेट नहीं मिला। हमारे स्पिनर्स ने बीच के ओवर्स में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन अंत में हम 10–15 ओवर कम थे।

लखनऊ के खिलाफ इस मैच में दिल्ली की टीम ने 149 रन बनाए थे जिसमें ओपनर पृथ्वी शा ने 34 गेंदों पर 2 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 61 रन की पारी खेली थी। वहीं डेविड वार्नर ने सिर्फ 4 रन बनाए थे जिसने इस सीजन में दिल्ली के लिए अपना पहला मैच खेला था। वहीं रिषभ पंत ने नाबाद 39 रन जबकि सरफराज खान ने नाबाद 36 रन बनाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया था।

## पृथ्वी साव ने बल्ले से रन नहीं, आग बरसाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के 2022 सत्र से ठीक पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के फिटनेस टेस्ट में फेल रहने वाले दिल्ली कैपिटल्स के ओपनर पृथ्वी साव ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ तूफानी बैटिंग की। उन्होंने महज 30 गेंदों में हाफ सेंचुरी पूरी करते हुए दिल्ली के मैनेजमेंट को बड़ी राहत दी। पिछले दो मैचों में बड़ी पारी खेल पाने में नाकाम रहने वाले साव ने मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में 34 गेंदों में 9 चौके और 2 छक्के की मदद से 61 रनों की पारी खेली। पृथ्वी साव ने दूसरे ओवर में कृष्णप्पा गौतम को दो चौके लगाते हुए शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने जेसन होल्डर के ओवर में चौका और छक्का उड़ाते हुए बता दिया कि आज उन्हें रोकना लखनऊ के लिए मुश्किल है। अपने पुराने साथी आवेश खान के ओवर में हैट्रिक चौके जड़ते हुए रनों का अंबार लिया दिया। उनकी तूफानी बैटिंग का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि 5.4 ओवरों में दिल्ली के 50 रन पूरे हुए। इसमें डेविड वॉर्नर के सिर्फ 3 रन थे। उनकी इस पारी से दिल्ली के मैनेजमेंट और कप्तान ऋषभ पंत को जरूर राहत मिली होगी।